तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

13 साइबर जागरूकता कार्यक्रम, पुलिस ने...



14 नाचा गम्मत को बचाने के लिए कलाकारों ने की...





## खबर संक्षेप



### सड़क किनारे मुरूम की जगह डाल रहे मिट्टी

**मैनपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दबनई से छिन्दौला तक बनी नई सड़क पर घटिया निर्माण कार्य का मामला सामने आया है। सड़क के किनारे पटरियों में मुरूम की जगह मिट डाली जा रही है, जिससे बारिश के दिनों में दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। बारिश के कारण यह मिट्टी कीचड़ में बदल रही है, जिससे सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस घटिया निर्माण के कारण वाहन चालकों के लिए सड़क पर संतुलन बनाना मुश्किल हो रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### जिले में रूप कुमारी चौधरी का प्रथम आगमन आज



**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा की सांसद एवं भाजपा की नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी का आज 30 अगस्त को प्रथम बार गरियाबंद आगमन होने जा रहा है। नगर आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम तिरंगा चौक में आयोजित किया गया है। इसके बाद सांसद श्रीमती चौधरी ग्राम पारागांव में स्वागत, कोकड़ी और छिंदौला में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर उनके साथ उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने दी।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर की बैठक आज

**छुईहा बेलर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर अध्यक्ष रूपेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस सुघरमल आड़े चैतरा, शेखर साहू बेलर,दुर्गा सिन्हा चरौदा,दौलत यादव बिजली ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार, अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के पुनर्गठन के संदर्भ में आवश्यक बैठक विश्राम गृह में शनिवार को 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, प्रभारी प्रभारी सुखचंद बेसरा देवभोग,समद खान छुरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। रूपेश साहू ने कांग्रेस के वरिष्ठ जन,समस्त ब्लॉक के पदाधिकारीगण, महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस एवं वर्तमान मंडल सेक्टर एवं बूथ के पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थित रहने की अपील की है।

### ग्राम पहंदा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**अभनपुर।** नवयुवक समिति व ग्रामवासी के सहयोग से तीजा,पोला व गणेश चतुर्थी के अवसर पर ग्राम पाहंदा मे एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को रखा गया है। एस कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता मे विजेता चार टीमो को नगद राशि व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को भी नगद राशि व स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जायेगा।

### दो दिवसीय रामधुनी का आयोजन होगा आज से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा(अमेठी) में 30 अगस्त से 31 अगस्त रविवार तक दो दिवसीय रामसत्ता (रामधुनी) का आयोजन बजरंग चौक में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा है। जिसका शुभारंभ शनिवार शाम 5 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि लेखराज धुर्वा जिला पंचायत कृषि सभापति गरियाबंद, अध्यक्षता माखन दीवान सरपंच व ग्रामीण अध्यक्ष,विशेष अतिथि उत्तरा अशोक पतेल जनपद पंचायत ⏭ शेष पेज 12 पर

# गोडेना वाटरफाल का अद्भुत नजारा पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में स्थित उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व अपने घने जंगलों के भीतर कई खूबसूरत और दर्शनीय स्थल छिपाए हुए है, लेकिन इन जगहों तक पहुँचना आसान नहीं है। खासकर बारिश के दिनों में, दुर्गम रास्तों और कीचड़ भरी सड़कों के कारण पर्यटक यहाँ तक पहुंचने में हिचकिचाते हैं। लेकिन, इन चुनौतियों के बावजूद, अभ्यारण्य के पश्चिमी भाग में स्थित सीढ़ीनुमा प्राकृतिक गोडेना जलप्रपात अपनी अद्भुत सुंदरता के लिए जाना जाता है। लगभग 200 मीटर की ऊंचाई से गिरती पानी की धारा इसे देखने वाले हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर देती है। यह झरना एक अद्भुत प्राकृतिक रचना का उदाहरण है, जिसे देखने के लिए पर्यटकों को कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। यहां, आसपास के जंगलों में जंगली जानवर भी आसानी से दिख जाते हैं। गोडेना जलप्रपात देखने के लिए अगस्त से अक्टूबर तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। इस दौरान, ओडिशा से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं और इस शानदार नज़ारे का आनंद लेते हैं। इसी टाइगर रिजर्व में चौक सील पहाड़ी से गिरते झरने भी लोगों को आकर्षित करते हैं। यह पहाड़ी एक प्रमुख धार्मिक स्थल भी है, जहाँ दशहरा पुन्नी के दौरान चार दिनों का मेला लगता है। हालाँकि, बारिश में यहाँ तक पहुंचना मुश्किल होता है, लेकिन इस मौसम में झरनों की सुंदरता एक अनूठा और सुखद अनुभव देती है।

### दशहरा में चार दिनों का लगता है मेला





## विडंबना : निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की राशि हुई थी स्वीकृत

# 14 साल से अधूरा है प्रधानपाठक कक्ष खिड़कियां और दरवाजे जंग खाकर टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

जहां एक ओर सरकार शिक्षा के प्रचार-प्रसार और बच्चों को स्कूल लाने के लिए 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसे कार्यक्रम चलाकर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही है। गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत दादरगांव, नयागांव और कुडेरादादर सहित पूरे क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे की भारी अनदेखी सामने आई है। यहां 14 साल पहले शुरू हुआ प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है, जिससे शासन-प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

यह मामला वर्ष 2010 का है, जब राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत हर स्कूल में प्रधानपाठक कक्ष के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया था और इसे छह महीने के भीतर पूरा हो जाना था। लेकिन, 14 साल बीत जाने के बाद भी यह भवन अधूरा है, जो सरकारी योजनाओं की धीमी गति और ⏭ शेष पेज 12 पर



### एक दशक से पुरानी समस्या

इस संबंध में जब वहां के शिक्षकों से बात की गई तो उन्होंने भी अपनी बेबसी जाहिर की। शिक्षक ने बताया मैं तो पिछले पांच साल से यहां पढ़ा रहा हूं, लेकिन यह भवन मेरे आने से पहले से ही अधूरा है। मैं इस बारे में और क्या बता सकता हूं? यह बात इस समस्या की गंभीरता को बताती है, कि यह कोई हाल-फिलहाल की बात नहीं बल्कि एक दशक से अधिक पुरानी समस्या है। ग्रामीणों ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि इसी अवधि में रसेला में इसी योजना के तहत स्वीकृत प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और वहां शिक्षकगण इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह लापरवाही सिर्फ फंड की कमी नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की इच्छाशक्ति की कमी का नतीजा है।

### बच्चे भुगत रहे खामियाजा

शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बृजलाल नेताम, उपाध्यक्ष कमला बाई नेताम, सदस्य डलेश्वर, अशोक ठाकुर, शोभित राम, निरंजन सहित सभी पालकों ने शासन-प्रशासन से इस अधूरे कार्य को तत्काल पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार चाहे तो किसी अन्य मद से राशि निकालकर इस भवन को पूर्ण करा सकती है। यह मामला सिर्फ एक अधूरे भवन का नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति सरकारी उदासीनता और सार्वजनिक धन की बर्बादी का एक जीता-जागता उदाहरण है। सवाल यह है कि जब निर्माण के लिए राशि जारी कर दी गई थी, तो फिर काम बीच में क्यों रोक दिया गया? क्या किसी ने इस काम की निगरानी नहीं की? इस लापरवाही का सीधा खामियाजा यहाँ के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें उनके अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह अधूरा भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सिर्फ एक असफल परियोजना की कहानी बनकर रह जाएगा।

# सिंचाई विभाग पर लगा अनियमितता का आरोप


### किसानों को नहीं मिल रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने सूचना के अधिकार के तहत मिले दस्तावेजों की जांच के बाद इसमें अनियमितताओं के संकेत पाए हैं। उन्होंने इस मामले की पूरी जांच करवाने की बात कही है।

कलेक्टर ने सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों में भारी आर्थिक भ्रष्टाचार के संकेत देखे हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या विभाग में आवंटित बजट का सही उपयोग नहीं हो रहा है। पेंड्रा पाली गाँव के किसान लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं कि नहरों में पानी होने के बावजूद उनके खेतों तक नहीं पहुँच रहा है। इसकी वजह से उनकी धान की फसल खतरे में है। उनका आरोप



है कि हर साल नहरों की सफाई के लिए लाखों का बजट आता है, लेकिन सफाई नहीं हो रही है। विभाग में पदस्थ एसडीओ व्ही. व्ही. मलैय्या ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी उनके फर्जी हस्ताक्षर करके उच्च अधिकारियों को पत्र भेज रहे हैं। वहीं, कार्यपालन अधिकारी एस के बर्मन का कहना है कि एसडीओ मलैय्या का तबादला रायपुर हो चुका है और अब उनका यहाँ कोई दायित्व नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छवि ⏭ शेष पेज 12 पर

# एक घंटा शरीर और स्वास्थ्य को दें : निषाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



- राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक घंटा, खेल के मैदान में अभियान की शुरुआत

देशभर में हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उनकी याद में यह दिवस साल 2012 से मनाया जा रहा है। इस साल, राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में' है, जिसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि भाषा, धर्म, रंग या विचार भले ही अलग हों, लेकिन मैदान में हम सब एक जैसे हैं। इसी संदेश को लेकर 'फिट इंडिया मिशन' के तहत तीन दिवसीय जन आंदोलन चलाया जा रहा है, जो 29 से 31 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान का खास मंत्र है -'हर दिन, सिर्फ एक घंटा अपने शरीर और स्वास्थ्य को दीजिए।' इस मौके पर, कोच शीतल ध्रुव और खेल शिक्षक डोमेश्वर ध्रुव की देखरेख में वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, हॉकी और वॉलीबॉल जैसे खेल आयोजित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने, परिवार और दोस्तों को फिटनेस के लिए प्रेरित करने, तथा हर खेल में उत्कृष्टता और दोस्ती के ओलंपिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में, सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने सभी खिलाड़ियों को मैदान में आकर खेलने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सभापति बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, अजय दीक्षित सहित नगर के कई वरिष्ठ नागरिक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : कश्यप





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- कबड्डी, खो-खो और रस्साकसी में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जिले में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने मिलकर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप और कलेक्टर बीएस उइके ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। नेताओं ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर जोर दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन और मानसिक मजबूती के लिए ⏭ शेष पेज 12 पर

### प्रतियोगिता के परिणाम

**कबड्डी (बालक वर्ग):** मदनपुर हाई स्कूल (प्रथम), पीएमश्री गरियाबंद (द्वितीय)
**कबड्डी (बालिका वर्ग):** कसेरू हाई स्कूल (प्रथम), कन्या शाला गरियाबंद (द्वितीय)
**खो-खो (बालक वर्ग):** कसेरू हाई स्कूल (प्रथम), पीएमश्री गरियाबंद (द्वितीय)
**खो-खो (बालिका वर्ग):** कन्या शाला गरियाबंद (प्रथम), सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद (द्वितीय)
**रस्साकसी (बालक वर्ग):** कसेरू हाई स्कूल (प्रथम), पीएमश्री गरियाबंद (द्वितीय)
**रस्साकसी (बालिका वर्ग):** कन्या शाला गरियाबंद (प्रथम), पीएमश्री गरियाबंद (द्वितीय)

## कलेक्टर बीएस उइके ने बच्चों को पिलाई विटामिन-ए की खुराक

# शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ, 1.20 लाख से ज्यादा बच्चों को मिलेगी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं के दिशा-निर्देश पर जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ हो गया है। कलेक्टर बीएस उइके ने ग्राम फुलकर्रा में बच्चों को विटामिन-ए सिरप और आयरन-फोलिक एसिड की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। कलेक्टर उइके ने कहा कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य सुधार और बीमारियों से बचाव के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे बच्चों को दवा की खुराक जरूर दिलाएं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अमले को गंभीरता पूर्वक कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच चूड़ामणि दीवान, सीएमएचओ डॉ. यू.एस. नवरत्न, डीपीएम गणपत नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. बारा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े सहित स्वास्थ्य कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

1.20 लाख से ज्यादा बच्चों को दवा सीएमएचओ डॉ. नवरत्न ने बताया कि जिले में 9 माह से 59 माह तक के 58,537 बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा। वहीं 6 माह से 59 माह तक के 61,981 बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप वितरित किया जाएगा।



### कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान

गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूरक पोषण आहार भी हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### तय तिथियों पर होगा वितरण

शिशु संरक्षण माह के तहत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (टीकाकरण दिवस) पर दवा वितरण किया जाएगा। मंगलवार को: 2, 9, 16, 23 और 30 सितंबर शुक्रवार को: 29 अगस्त, 5, 12, 19 और 26 सितंबर इन दिनों शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को विटामिन-ए सिरप, आईएफए सिरप, टीकाकरण, वजन मापन और पोषण संबंधी परामर्श दिया जाएगा। 9 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एमएल विटामिन-ए सिरप 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को 2 एमएल विटामिन-ए सिरप 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को सप्ताह में दो बार 1-1 एमएल आयरन फोलिक एसिड सिरप दिया जाएगा।

# प्राणघातक हमले से पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम टोकरो निवासी मुकेश सेन ने अपनी पत्नी प्रियंका सेन के चरित्र पर शंका करते हुये 27 अगस्त को लोहे के रॉड से प्राण घातक हमला दिया जिसे गंभीर स्थिती मे सोनी मल्टी अस्पताल अभनपुर मे भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। अभनपुर पुलिस आरोपी मुकेश सेन उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। बताया गया कि मृतिका प्रियंका सेन 27 अगस्त को ही मायके से तीजा पर्व मनाकर अपने घर टोकरो पहुंची थी रात्रि 10 बजे के करीब पति के लिए खाना निकाल रही थी इसी बीच गाली गलौच करते हुये उसे सिर मे लोहे के राड से वार कर दिया घायल स्थिती मे बच्चो की रोने की आवाज सुनकर उसके पिता ने डांटते क्यो मारपीट करते हो बोला जिस पर आरोपी ने अपने पिता के साथ ही मारपीट कर चोटे पहुंचाई आरोपी के पिता कृष्णकुमार सेन के रिपोर्ट पर अभनपुर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर धारा 109,115(2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने से प्रकरण मे धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई है ,आरोपी मुकेश सेन को पुलिस अभिरक्षा मे पूछताछ एवं मेमोरण्डम कथन लिया गया आरोपी द्वारा घटना मे प्रयुक्त एक लोहे की रॉड गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### कृषि महाविद्यालय को लेकर किरवई, फिंगेश्वर के बाद अब पोखरा के लोग भी आगे आए

**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के बड़ा गांव किरवई और ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर के बीच इन दिनो कृषि महाविद्यालय को लेकर अपने-अपने दावे किए जा रहे है। अब इसी बीच पोखरा गांव के लोग सामने आ गए है। इनका कहना है कि महाविद्यालय पोखरा में खुलना चाहिए। शुक्रवार को राजिम पहुंचकर सीएम विष्णुदेवस साय के नाम राजिम एसडीएम विशाल महाराणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के लिए पोखरा, परसदा जोशी, रक्सा,दुतकैयां, खपरी के लोग शामिल थे। इसमें रोमन बंजारे ,हिराऊराम साहू, दौलतराव भोंसले ,राजकुमार साहू ,नरेन्द्र निषाद,भागीरथी साहू, भुवन पटेल,नारायण साहू,तिजेश्वर सेन,लेखराम ध्रुव,मदनलाल साहू ,तुकाराम साहू ,घनेश्वर साहू ,लखन साहू आदि के हस्ताक्षर है।

### गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** शासन के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शालाओं में रजत जयंती के लिए पुस्तक वाचन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुनसुनिया में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया।

**बैठक : गत सत्र के स्वीकृत व संपन्न किए गए कार्यों की दी गई जानकारी**

# महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई बैठक, अनेक प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सत्र 2025-26 की प्रथम बैठक महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य संदीप दीवान, अमृत चोपड़ा, संदीप घोष, कमलेश ध्रुव, वाणी तिवारी, महेश मक्कड़, गुलाब सेन, महाविद्यालय प्राचार्य व जनभागीदारी समिति सचिव करूणा दुबे एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में विगत सत्र के स्वीकृत व संपन्न किए गए कार्यों की जानकारी जनभागीदारी समिति प्रभारी अजय कुमार राजा द्वारा प्रस्तुत करते हुए सत्र 2025 26 के लिए आगामी कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वनस्पति शास्त्र, वाणिज्य, समाजशास्त्र, हिंदी एवं रसायन शास्त्र विषय में जन भागीदारी प्राध्यापक की नियुक्ति; वनस्पति शास्त्र में एक प्रयोगशाला तकनीशियन एवं एक प्रयोगशाला परिचारक की नियुक्ति, ग्रंथालय परिसर में नवनिर्मित भवन में 12 नग पंखे, 04 नग एग्जास्ट एवं 8 नग ट्यूबलाइट जिसकी अनुमानित लागत 35000 रुपए है का अनुमोदन, ग्रंथालय परिसर के ऊपर नवनिर्मित भवन की सुरक्षा के लिए एक चैनल गेट एवं एक लोहे का गेट अनुमानित लागत 40000 रुपए का अनुमोदन किया गया। शासन द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह 5 सितंबर से 12 सितंबर की अवधि में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम के लिए अनुमानित 150000 रुपए की राशि के प्रस्तावित व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय के स्ववित्तीय दिवंगत कर्मचारी स्व. रवि ओगरे के परिवार के किसी एक सदस्य को महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का निर्देश दिया गया। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के बेहतर चरित्र निर्माण की दिशा में सार्थक पहल करते हुए अध्यक्ष द्वारा 75000 रुपए की राशि स्वीकृत की गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विवेकानंद साहित्य लगभग 5000 नग निःशुल्क वितरण एवं महान विभूतियों के छायाचित्र लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में महाविद्यालय की छात्र संख्या की अधिकता को देखते हुए नवीन सेटअप स्वीकृत करने के लिए शासन स्तर पर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया गया। समिति के अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा निर्देशित किया गया कि 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को महाविद्यालय में आमंत्रित करते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया जाए।



बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की शासन द्वारा जारी छात्र बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार विद्यार्थियों के मध्य किया जाए। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनभागीदारी कर्मचारियों को दिवाली बोनस प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन में प्रत्येक विद्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही साथ पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन का विषय वीर स्वतंत्रता सेनानियों पर रखने के लिए प्रस्तावित किया गया।

### शोध केंद्र खोलने की आवश्यकता पर दिया जोर

महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में शोध केंद्र खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित किया गया। महाविद्यालय अंकसूची वितरण का काउंटर मचेवा महाविद्यालय में ही रखना उचित माना गया। 16 सितंबर को हिंदी विभाग में कवि सम्मेलन के लिए 12000 की राशि स्वीकृत की गई। अध्ययन अध्यापन एवं कार्यक्रमों के बीच समायोजन बनाने के लिए निर्देश दिया गया। विधायक द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी योजना को मूल रूप देना आवश्यक है। विद्यार्थियों के जीवन में महाविद्यालय एक नया मोड़ लेकर आता है, छोटी-छोटी जानकारी छात्र जीवन में परिवर्तन लाती है। नया भारत विकसित भारत की बातें करते हुए सन 2000 से 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य में क्या हुआ और 2047 में क्या होना चाहिए। इस पर उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ ईपी चेलक द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीलम अग्रवाल द्वारा किया गया।

## घनाराम बना असम राइफल्स का सिपाही, पुलिस ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के ग्राम सेहरापानी निवासी घनाराम नेताम पिता कुमार सिंह नेताम ने असम राइफल्स मणिपुर में चयनित होकर पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर थाना छुरा स्टाफ ने उनका फूलमाला और गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। सभी ने घनाराम को उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। ग्राम सेहरापानी जैसे सुदूर अंचल से निकलकर घनाराम का सेना में चयन होना अन्य युवाओं के लिए मिसाल है। ग्रामीणों ने भी इसे पूरे अंचल की जीत बताया। परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि घनाराम जैसे जांबाज युवाओं का चयन हमें भी गर्व का अहसास कराता है। इनकी मेहनत और संघर्ष क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है। साधारण परिवार से निकलकर बड़ी सफलता हासिल की। देश की सेवा करने सुनहरा अवसर मिला। घनाराम की यह उपलब्धि यह साबित करती है कि संकल्प और संघर्ष से कोई भी मंज़िल नामुमकिन नहीं है।

### अधिवक्ता हरीश ने अमेरिकी टैरिफ वृद्धि का किया विरोध



**राजिम।** सरपंच संघ के अध्यक्ष और अधिवक्ता हरीश साहू ने अमेरिका द्वारा आयातित सामानों पर टैरिफ बढ़ाने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इस कदम को न केवल भारतीय किसानों और उद्योगपतियों के लिए हानिकारक बताया, बल्कि इसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन भी करार दिया। साहू ने कहा कि अमेरिका का यह निर्णय विश्व व्यापार संगठन के ग्लोबल ट्रेड एग्रीमेंट और टैरिफ एंड ट्रेड की पारदर्शिता नीति के खिलाफ है। उनके अनुसार, कोई भी देश बिना ठोस आर्थिक कारण के अत्यधिक टैरिफ नहीं बढ़ा सकता। उन्होंने इसे 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' सिद्धांत के विपरीत बताया, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को समान अवसर दिए जाने चाहिए। अधिवक्ता साहू ने चेतावनी दी कि इस टैरिफ वृद्धि का सीधा असर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों पर पड़ेगा, जहाँ धान-चावल और स्टील उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा, धान और चावल का निर्यात कम होने से हमारे किसानों की आमदनी घटेगी और स्टील उद्योग पर दबाव बढ़ेगा, जिससे हजारों मजदूरों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है।

## सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।



विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि यह वह घर होता है जहाँ विद्यार्थी अपने सपनों को संजोते हैं, अपनी क्षमताओं को पहचानते हैं और परिवार की तरह साथ रहते हैं। इसी भावना को जीवंत करते हुए सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय में व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ शासकीय रामबिशाल पाण्डेय सेजेस द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। भोज के दौरान बच्चों को फल, मिष्ठान, कॉपी और पेन भेंट किए गए। उपहार पाकर उनके चेहरे खुशी से दमक उठे और उन्होंने मिलकर भोज का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की प्राचार्य उमेश्वरी साहू ने बताया कि यहाँ लगभग 70 दिव्यांग छात्र-छात्राएँ रहते हैं, जिनमें दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और मानसिक मंदता वाले विद्यार्थी शामिल हैं। सभी छात्रों की विशेष आवश्यकता के अनुसार ब्रेल, स्पीच थैरेपी, साइन लैंग्वेज इत्यादि द्वारा शिक्षण प्रदान किया जाता है। यह आवासीय विद्यालय होने के कारण सभी विद्यार्थी लगभग सभी पर्व-त्योहार यहीं एक परिवार की तरह मिलकर मनाते हैं। यही कारण है कि यह विद्यालय बच्चों के लिए केवल शिक्षण केंद्र नहीं बल्कि एक घर बन गया है। न्योता भोज में विद्यालय की प्राचार्य उमेश्वरी साहू सहित विशेष शिक्षक सुधा साहू, अनिल मानिकपुरी, कमलकांत, टिकेश्वर सेन, ढालेंद्र दास



मानिकपुरी, चांदनी सिन्हा, संजय शुक्ला, इक्षा चौहान, भानु प्रताप साहू और लिलेश्वर मरकाम की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। **दिव्यांगता कार्यों को अलग ढंग से करने की विशेष क्षमता-** इस अवसर पर व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने कहा कि दिव्यांगता जीवन में कोई रुकावट नहीं है, बल्कि यह कार्यों को अलग ढंग से करने की विशेष क्षमता है। प्रत्येक बच्चा अपने भीतर अनोखी प्रतिभा लेकर जन्म लेता है। यदि उसे सही दिशा और प्रोत्साहन मिले तो वह जीवन में ऊँचाइयों को छु सकता है। इस अवसर पर सेजेस विद्यालय के छात्र रूद्र पटेल और लक्ष्मी वर्मा ने भी दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ समय बिताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय और हृदयस्पर्शी रहा।

## रेड रिबन क्लब द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

### व्यक्तित्व विकास में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को रेड रिबन क्लब समिति द्वारा प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला के मार्गदर्शन एवं समर्थन संस्था के सहयोग से उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को एचआईवी/एड्स संबंधी वैज्ञानिक जानकारी, उससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण तथा रोकथाम के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात रेड रिबन क्लब प्रभारी सुश्री नन्दनी साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि रेड रिबन क्लब केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि यह युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। सुश्री संगीता साहू ने कहा कि



एचआईवी/एड्स से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। युवाओं को चाहिए कि वे सुरक्षित जीवनशैली अपनाएँ, नशे और असुरक्षित व्यवहार से दूर रहें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। जागरूकता ही इस बीमारी को फैलने से रोकने की कुंजी है। इसके बाद रेड रिबन क्लब की सदस्य सहायक प्राध्यापक सुश्री साक्षी मेश्राम ने कहा कि इस प्रकार के उन्मुखीकरण कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और जागरूकता दोनों को बढ़ाते हैं। जागरूक छात्र-छात्राएँ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में समर्थन संस्था के प्रतिनिधियों ने सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी वायरस के फैलाव के कारण, संक्रमण के तरीके, बचाव के उपाय तथा उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की। साथ ही राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1097 के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने कहा कि रेड रिबन क्लब और समर्थन संस्था द्वारा आयोजित यह उन्मुखीकरण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एस आर वड्डे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जीतेन्द्र सिन्हा, एस. आर. वड्डे, डॉ. प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, डॉ. अनिता साहा, रमेश लहरे, रजिया सुल्ताना, श्वेता मिश्रा, सरस्वती बेरवंशी, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूषकांत भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, सुश्री पुष्पलता कँवर ,सुश्री साक्षी मेश्राम सहित कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



### सांसद बृजमोहन ने चंपारण में सशिमं का किया लोकार्पण

**नवापारा-राजिम।** चम्पारण में वल्लभनिधि ट्रस्ट द्वारा 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित सरस्वती शिशु मंदिर का लोकार्पण रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक इन्द्रकुमार साहू, पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, जौंदी के पूर्व सरपंच टीकम चंद साहू सहित पंचायत तथा मंडल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## ब्रह्माकुमारी विवि के सेवा केंद्र में तीज व्रत का विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा में इस बार महिलाओं के लिए छग का पारम्परिक पर्व तीज व्रत का विशेष आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। गीत संगीत, मनोरंजन डांस और खेलकूद में हिस्सा लिया। प्रीति दीदी ने इस पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शिव पार्वती विवाह के कथा और व्रत से जुड़ा है और आध्यात्मिक रहस्य को समझाया कि वास्तव में घोर कलयुग के अन्त समय में (वर्तमान) जगत नियंता निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव आत्मारुपी पार्वती को आत्म ज्ञान देकर अमर बनने की कथा सुनाते हैं और वही पार्वती रुपी आत्माएं



संसार के सुख शांति वैभव आदि को ठुकरा कर एक शिव को चुनकर अपना जीवन सफल बनाती है और आध्यात्मिक सुख शांति खुशी आनंद प्रेम से भरपूर बन जाती है। उन्होंने उप + वास का अर्थ यह बताया कि हमें सच्चे दिल से भगवान के निकट रहकर उन्हें निरंतर याद करना है। उनके समीप रहना, कमल पुष्प का अर्थ यह बताया कि अपने जीवन के सभी कर्तव्य निर्वाह निभाते हुए इस विकारों रुपी दलदल कलयुगी तालाब से अपने को बचा कर रखें, और रात्रि जागरण का अर्थ अपने जीवन को अज्ञान नींद से जगाना विकारों और बुराईयों को समाप्त करना ही सच्ची जागरण है। पश्चात सभी महिलाओं ने शक्तिशाली मेडिटेशन द्वारा बुराइयों को भस्म करने की प्रतिज्ञा ली और अपने में आध्यात्मिक शक्ति की अनुमति की।

**पेज 11 के शेष...**

### 14 साल से अधूरा...

जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। अधूरे भवन की हालत बेहद दयनीय है। बारिश और धूप की मार झेलते हुए इसकी कच्ची दीवारों और अधूरी ढलाई पर काई जम चुकी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जो खिड़कियाँ और दरवाजे लगाए गए थे, वे अब जंग खाकर टूट चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही स्थिति रही, तो आने वाले दिनों में इस भवन का नामोनिशान ही मिट जाएगा।

### सिंचाई विभाग पर...

पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जल संसाधन विभाग का प्रभार उन्हीं के पास है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि अगर फिंगेश्वर में यह स्थिति है, तो पूरे गरियाबंद जिले के सिंचाई विभाग का क्या हाल होगा। किसानों का कहना है कि जब तक इस भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगती, तब तक उनके खेतों तक पानी पहुँचना मुश्किल है। वे प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ताकि उनकी फसलों को बचाया जा सके।

### खेल से होता है...

भी जरूरी हैं। कलेक्टर बीएस उइके ने कहा कि खेल एक स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव रखते हैं। कार्यक्रम में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

सभी विजेता खिलाड़ियों को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षकों और अन्य शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दो दिवसीय ...

कृषि सभापति छुरा,विशिष्ठ अतिथि बलदाऊ नेताम ग्राम पटेल, दशमत साहू उप सरपंच, अनिता नेताम पूर्व सरपंच, चेतन राम कंवर ग्राम सचिव,ग्रामीण पंच कसेकेरा ईश्वरी दीवान, गलेन्द्र पटेल, टीकेश ध्रुव, मंगतु यादव,प्रहलाद दीवान, बीरसिंग नेताम, भूषण साहू, संतोष निषाद, डेरहा ध्रुव, गेंदलाल पटेल, कृपाल दीवान, तीजराम ध्रुव, तेजराम दीवान, संतोष ध्रुव, खोमचंद साहू, ईश्वरी ध्रुव, नरेश पटेल सहयोग रहेगा एवं मंच संचालक उत्तम पटेल, निर्मल नेताम, दिलीप सेन होंगे।

**नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में हुई दवा विक्रेताओं की बैठक, महासमुंद को नशामुक्त बनाने की अपील**

# नगर में नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में नशीली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने

- **सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने दुकानदारों से की सहयोग की अपील**

के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता तथा ड्रग इंस्पेक्टर अखिलेश पांडे की उपस्थिति में शहर के मेडिकल दुकान संचालकों की बैठक पालिका में आयोजित की गई। जिसमें शहर के समस्त मेडिकल दुकान संचालक शामिल हुए।

बैठक के दौरान पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मेडिकल दुकान संचालकों को शहर को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा नशीली दवाओं के रोकथाम के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। देखने में आ रहा है कि नशेड़ी प्रवृति के लोग नशे के लिए दवाइयों व इंजेक्शन आदि का उपयोग कर रहे हैं। इसके चलते समाज के सभ्य नागरिकों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। नशे के आदी व्यक्ति नशा करने के लिए चोरी, लूटपाट व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। हम सभी को नगर के प्रति जो दायित्व है उसका निर्वहन करते हुए यह प्रयास करना है कि कहीं भी ऐसे व्यक्ति को नशीली दवाएं उपलब्ध न होने पाएं। उन्होंने इस सामाजिक बुराई पर लगाम लगाने सभी दुकानदारों से सहयोग की अपील की। जिस पर सभी मेडिकल संचालकों ने हमेशा की तरह आगे भी नशामुक्त महासमुंद बनाने की दिशा में सहयोग प्रदान करने की बात कही। साहू ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाज में फैलते नशे के कारोबार पर मेडिकल दुकान संचालकों के सहयोग से लगाम लगाना है।



इस अवसर पर दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, मनीष शुक्ला, नागेंद्र भूषण नशीने, गगन अवसर, एजाज नकवी, परमानंद साहू, दिलीप कुमार, यश रजक, दिनेश कुमार देवांगन, घनश्याम चंद्राकर, महेश देवांगन, सौरभ मालू, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सीताफल समय से पहले बाजार में पहुंचा

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में इस साल सीताफल की बंपर पैदावार हुई है। यह फल सामान्यतः अक्टूबर-नवंबर में आता है, लेकिन इस बार यह समय से पहले ही बाजार में बिकने के लिए पहुंच गया है। सीताफल को स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, विटामिन सी और फाइबर जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह हड्डियों को मजबूत बनाने, पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने और हृदय के लिए लाभकारी होता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को भी फायदा पहुंचाते हैं। बाजार में नया फल आने के कारण इसकी मांग बढ़ गई है।

### हीरालाल महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ

**अभनपुर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत बीए, बीएससी,बीकॉम एवं बीसीए के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू और विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मीना साहू रहे । इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने विद्यार्थियो को मेहनत,अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुये शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाने की बात कही।

**कार्यक्रम :** नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ प्रेरणा कार्यक्रम प्रारंभ

# कृषि कॉलेज में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में नव प्रवेशित छात्रों के लिए 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, 19 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, छात्रों के लिए विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में सामूहिक गतिविधियाँ, खेलकूद, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। छात्रों को कॉलेज के पाठ्यक्रम, छात्रवृत्ति और करियर के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ पद्मशाली, सत्येंद्र पाटले और डॉ. कुंतल साटकर ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

**विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसान ने किया मार्गदर्शन-** कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा विशेषज्ञों और प्रेरणादायक जीवन अनुभव वाले लोगों के साथ चर्चा सत्र था। इसमें तीन विशिष्ट अतिथि शामिल हुएः 1. डॉ. राजेंद्र भंवरियाः सीएसआईआर, भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान, जम्मू के प्रधान वैज्ञानिक ने औषधीय और सुगंधित पौधों के क्षेत्र में हुए शोधों और उनके महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि कौन से पौधे में कौन सा तत्व पाया जाता है और उसका क्या उपयोग है।

2. डॉ. नारायण लालः भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक (बागवानी फल विज्ञान) ने बीएससी कृषि के विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न करियर क्षेत्रों के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

3. मिलन सिंह विश्वकर्माः लाख की खेती में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रगतिशील किसान ने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने लाख की खेती के महत्व, इसके तरीकों और लाभों पर प्रकाश डाला। इन विशिष्ट अतिथियों के साथ चर्चा सत्र से छात्रों को अपने प्रश्नों के उत्तर मिले और उन्हें भविष्य के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम ने छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर तैयार होने में मदद की।



**व्यक्तित्व विकास और टीम वर्क पर जोर**

सहायक प्राध्यापक लेखराम वर्मा, डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन और डॉ. अविनाश कुमार गौतम द्वारा आयोजित एक सत्र में छात्रों को व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और संचार कौशल का महत्व समझाया गया। उन्हें टीम वर्क और नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को महाविद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी मिली, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶। छुरा

नवापारा (कोसमी) स्थित आईएसबीएम विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन तथा विभिन्न संकायों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और कौशल विकास का मंच है। कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने अपने प्रेरणादायी भाषण में विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज भाटिया ने पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी, जबकि विज्ञान संकाय की अध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विभिन्न संकायों के बारे में भी बताया गया। भोजनावकाश के बाद खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में तमन चौधरी को मिस्टर फ्रेशर और दीपा यदु को मिस फ्रेशर चुना गया और उन्हें सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कॉलेज के विद्यार्थियों को बताए गए डिजिटल सुरक्षा के उपाय

**छुरा।** कचना धुरवा महाविद्यालय में साइबर अपराध को लेक पुलिस एवं एसबीआई की संयुक्त टीम ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य कॉलेज के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना रहा।

छुरा थाना प्रभारी पवन वर्मा ने बताया कि साइबर अपराधी नई नई तरकीबें निकाल रहें है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले सामने आ रहे है। जिसमें वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस या सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को डराया जाता है। ऐसे झांसे में कोई न फंसे उन्होंने बताए कि असली एजेंसियां कभी भी वीडियो काल पर पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं करती। एसबीआई शाखा प्रबंधक जितेन्द्र टंडन ने छात्रों को बताया कि छोटा सा लापरवाह क्लिक भी आपके खाते से पैसे गायब कर सकता है। अनजान काल,मैसेज,लिंक पर भरोसा न करे। सहायक प्रबंधक आकाश सेंडी ने बताए कि स्टूडेंट सबसे ज्यादा ऑन लाइन एक्टिव रहते है।अनचाहे लिंक, एपीके फाइल को डाउनलोड न करें। उन्होंने बताया कि किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों को किराए से दूसरों को न दें। किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है।



**साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर पर करें काल-** संयुक्त टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में कॉलेज छात्र - छात्राओं ने वक्ताओं से सवाल पूछे, जिसके बारें में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम, पुलिस ने छात्राओं को दिए सुरक्षा टिप्स

**मैनपुर।** मैनपुर पुलिस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए शिक्षित करना था। पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें चेतावनी दी गई कि वे किसी भी अनजान या अनचाहे लिंक को डाउनलोड न करें और किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी (**OTP**) किसी के साथ शेयर न करें। पुलिस ने यह भी बताया कि किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करने की अनुमति न दें। कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बात यह भी बताई गई कि डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज नहीं होती है। अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई मामला बनता है, तो पुलिस सीधे उनसे संपर्क करती है और पूरी जाँच करती है। छात्राओं को यह भी निर्देश दिया गया कि अगर उनके साथ कोई भी साइबर अपराध होता है, तो वे तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। यह कार्यक्रम छात्राओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने और ऑनलाइन धोखाधड़ी से खुद को बचाने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।







संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला गरियाबंद, मो. 9993223300

## गणेश उत्सव की धूम, पूरा क्षेत्र भक्तिमय...









मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील मुख्यालय सहित पूरे विकासखंड में गणेश उत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। गाँव-गाँव में आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सुबह-शाम चारों तरफ भजन-कीर्तन और गणपति बप्पा मोरया/" के जयकारे गूंज रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास से भर गया है। मैनपुर नगर में युवा मंच गणेश उत्सव समिति ने एक विशाल पंडाल बनाया है और मुख्य मार्ग को सजाया है। शाम होते ही पूरा नगर बिजली की रोशनी से जगमगा उठता है। युवा मंच के अध्यक्ष चिरंजीव साहू, गुमान पटेल और हरिश्वर पटेल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है और 3 सितंबर को मानस गान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नगर के ठाकुरदेव पारा, गांधी चौक, बाजार चौक, सुभाष चौक, विश्राम गृह, कृषि कार्यालय के सामने, जयंती नगर, शांतिनगर, नवमुड़ा, पटेलपारा, हरदीभाठा, शिव मंदिर बस स्टैंड और अंबेडकर चौक जैसे कई स्थानों पर भव्य सजावट की गई है। यहाँ सुबह-शाम भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, जो पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं। हल्की बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ है।

### खबर संक्षेप



#### जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्रकार का स्वागत

**छुईहा बेलर।** गरियाबंद जिले के छुईहा बेलर में, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि और भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा ने जिला पंचायत के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रखर चंद्रकार से मुलाकात की। गजेश्वर सिन्हा ने सीईओ प्रखर चंद्रकार को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया। यह मुलाकात एक शिष्टाचार भेंट थी, जिसमें सिन्हा ने उन्हें उनकी नई नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने सीईओ से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास करने का आग्रह किया। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ ग्रामीण गंगाधर सिन्हा भी मौजूद थे।

#### जन्माष्टमी पर हुई विविध स्पर्धाएं

**अभनपुर।** यादव ठेठवार समाज भेलवाडीह परिक्षेत्र मे कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे 31 अगस्त दिन रविवार को राधाकृष्ण मंदिर बंजारी धाम कुरूं मे सत्यनारायण भगवान की पूजा, खुर्सी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता एवं बुजुर्गो व प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। अध्यक्ष उधोराम यादव ने बताया कि कार्यक्रम मे श्री कृष्ण राउत नाचा सेमरा चंपारण की विशेष प्रस्तुति होगी।

**तैयारी : समस्याओं के समाधान के लिए शासन प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा**

# चक्काजाम की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन 15 दिनों में समाधान नहीं तो ग्रामीण सड़क पर उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र दर्रीपारा, कोसमी, आमदी, दसपुर, रावनडिग्गी, जोबा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सतीनाला में पुल निर्माण की मांग एवं क्षेत्र के कई समस्याओं के समाधान को लेकर 30 अगस्त को नेशनल हाइवे 130 सी में चक्काजाम करने का चेतावनी देते हुए इस संबंध में एक ज्ञापन गरियाबंद कलेक्टर को सौपा था। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 28 अगस्त को प्रमुखता के साथ प्रकाशित भी किया था ग्रामीणों द्वारा आंदोलन चक्काजाम की चेतावनी के बाद आज गरियाबंद एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डीएसपी निशा सिन्हा, तहसीलदार योगेन्द्र देवांगन एवं अधिकारियो का दल क्षेत्र में पहुंचा और सतीनाला का ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया साथ ही जल्द ही मरम्मत कार्य करवाने की बात कही है और अन्य समस्याओं के भी समाधान करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने कल 30 अगस्त को किये जाने वाले चक्काजाम को स्थगित कर दिया लेकिन ग्रामीणों ने कहा की 15 दिनों के भीतर यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान अफसरो ने ग्रामीणों के साथ जर्जर सतीनाला का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा किया तथा उन्हे आश्वस्त किया कि ग्रामीणों की जो भी समस्या है उन समस्याओं के समाधान के लिए शासन प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है।

आमदी के सरपंच आत्माराम मरकाम, दर्रीपारा के सरपंच राजकुमार सोरी, दसपुर के सरपंच नरेन्द्र ध्रुव, जोबा के सरपंच एक्ता सोम, कोसमी के सरपंच फिरत पुजारी, रावनडिग्गी के सरपंच भादुराम, बेनकुरा के सरपंस वालेश मरकाम, खरता के सरपंच मालिकराम, राकेश मुर्री, जनपद सदस्य, घनश्याम देवांगन, जीवन ठाकुर, श्यामलाल, फगनु प्रधान, राजकुमार यादव, संतोष मरकाम, मुकेश कुमार, पोषण कुमार, संतराम ध्रुव, शंकरलाल नेताम व क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियो ने बताया सतीनाला की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है आने जाने वाले लोगो को जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ रहा है कई बार मरम्मत की मांग किया जा चुका है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों ने चक्काजाम का ऐलान किया था लेकिन प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा समझाइस के बाद और कार्यों को जल्द पूरा करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन को स्थगित किया है साथ ही ग्रामीणों ने बताया यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया जायेगा तो फिर आंदोलन करने बाध्य होंगे। क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। शासन-प्रशासन द्वारा बार-बार अनुरोध के बावजूद समाधान न मिलने से जनता ने चक्का जाम आंदोलन की चेतावनी दी थी। हालांकि, जिला प्रशासन के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद आंदोलन को फिलहाल 15 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।



#### शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने फिलहाल चक्का जाम को 15 दिनों के लिए स्थगित करने पर सहमति जताई है। साथ ही, सड़कों और पुल-पुलियों के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का भरोसा भी अधिकारियों ने दिया। अगर तय समयसीमा में वादों को अमलीजामा नहीं पहनाया गया, तो यह आंदोलन बड़े स्तर पर उग्र रूप ले सकता है।


सती नाला पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

#### जनता की प्रमुख मांगें

- सती नाला में निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। बरसात में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित होता है।
- चंदन बहारा हाफ डेम सिंचाई की गंभीर समस्या को देखते हुए किसानों की यह प्राथमिक मांग है। डेम निर्माण से जलसंकट और खेती दोनों में राहत मिलेगी।
- कोसमी से बिंद्रानवागढ़ तक सड़क की हालत जर्जर है, बरसात में पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है।
- रावणडिग्गी से गोबरा तक संपर्क मार्ग न होने से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।
- कोसमी डेम की मरम्मत बार-बार निवेदन के बावजूद मरम्मत न होने से किसानों की जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

## नाचा गम्मत को बचाने के लिए कलाकारों ने की डॉ. रमन सिंह से मुलाकात

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष और प्रसिद्ध कलाकार रंजीत चक्रधारी ने कहा कि नाचा गम्मत सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान है। उन्होंने इस कला को बचाने के लिए सरकार, समाज और शिक्षण संस्थानों से मिलकर काम करने का आग्रह किया। संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. रूपसिंह साहू और गायक टीकम पटेल जैसे कलाकार शामिल थे। उन्होंने डॉ. सिंह को नाचा गम्मत कलाकारों के सामने आ रही समस्याओं से अवगत कराया। कलाकारों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और मंचन के लिए सरकारी अनुदान दिया जाए। राज्य सरकार द्वारा लोककला सम्मान जैसे



पुरस्कारों की शुरुआत करके कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाए। नाचा गम्मत को एक 'गंभीर लोक कला' के रूप में पहचान और सम्मान दिया जाए। पुराने कलाकारों की प्रस्तुतियों, गीतों और संवादों को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाए। लोक विद्वानों और इतिहासकारों को नाचा गम्मत पर शोध करके इसे दस्तावेजित करना चाहिए। कलाकारों को प्रशिक्षण और सुविधाएं देने के लिए छत्तीसगढ़ में एक लोककला संग्रहालय या नाचा गम्मत अकादमी की स्थापना की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रसिद्ध लोक कलाकार टीकम पटेल की समस्याओं को भी डॉ. रमन सिंह के सामने रखा। डॉ. सिंह ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजेंगे।

#### दुर्गा पंडाल के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने दादाबाडा मैदान में दुर्गा पंडाल के लिए नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बाबूलाल साहू, शशिकांत जैन, बसंत पदमवार, जितेंद्र पटेल, गौरव राठी, भौमिक चंद्राकर, प्रहलाद यादव, राहिल गुप्ता सहित समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

**कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने का दिया सुझाव**

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसान दिवस का आयोजन, प्राकृतिक खेती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद के द्वारा भगवान श्री बलराम जयंती के अवसर पर किसान दिवस का आयोजन भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष माधव सिंह एवं अन्य पदाधिकारी अभिमन्यु ध्रुव, राजेंद्र सिंह राजपूत, गंगाराम सिंह, ललित निषाद एवं प्रगतिशील कृषको की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के संस्था प्रमुख डॉ मनीष चौरसिया वैज्ञानिक मनीष आर्य तुषार मिश्रा कृषि विभाग से सहायक संचालक कृषि बि. आर. साहू एवं अन्य वैज्ञानिक और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्माननीय अतिथि गणों के द्वारा भगवान श्री बलराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री माधव सिंह एवं अन्य पदाधिकारीयो के द्वारा भगवान श्री बलराम जयंती के अवसर पर मनाया जा रहे हैं एक दिवासिय किसान दिवस पर कृषकों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती, गौ कृषि वाणिज्यिक एवं तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा दिए जाने वाले तकनीकी मार्गदर्शन एवं सलाह के अनुरूप खेती करने का सुझाव कृषकों को दिया गया। केंद्र के संस्था प्रमुख डॉ मनीष चौरसिया के द्वारा भगवान श्री बलराम जयंती के अवसर पर किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहे एकदिवसीय कार्यशाला के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया एवं विस्तृत रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र में संचालित प्राकृतिक खेती एवं तिलहन उत्पादन के संबंध में किए जा रहे प्रदर्शन के बारे में बताया गया। केंद्र के वैज्ञानिक श्री मनीष आर्य के द्वारा फसल परिवर्तन को अपनाते हुए तिलहन एवं दलहन उत्पादन के संबंध में कृषकों को विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया एवं फसल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए रबी एवं ग्रीष्मकालीन धान की जगह पर तिलहन एवं दलहन फसलों की वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया।

#### योजनाओं की दी जानकारी

केंद्र के वैज्ञानिक श्री तुषार मिश्रा के द्वारा प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयव बीजअमृत घनजीव अमृत जीवामृत ब्रह्मास्त्र अग्निअस्त्र निर्मास्त्र आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र में प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन इकाई का अवलोकन कृषकों को कराया गया। कृषि विभाग से सहायक संचालक कृषि बीआर साहू के द्वारा कृषि विभाग में संचालित कृषि से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील कृषकों के द्वारा प्राकृतिक खेती एवं तिलन उत्पादन के संबंध में कृषिकों के बीच में अपने अनुभव को साझा किया गया एवं प्राकृतिक खेती और तिलहन उत्पादन को बढ़ाने के लिए सभी कृषक को एक मत होकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के वैज्ञानिक तुषार मिश्रा के द्वारा किया गया एवं अंत में सभी कृषकों को प्रक्षेत्र में स्थापित फसल उत्पादन इकाई, उद्यान इकाई, पशुपालन इकाई प्राकृतिक खेती इकाई, जैविक ईकाई का भ्रमण कराया गया।



